EaseMyTrip.com

February 16, 2026

| | |
|---|---|
| BSE Ltd.<br>P J Towers, Dalal Street,<br>Fort Mumbai – 400001<br><br>**Scrip Code: 543272** | National Stock Exchange of India Limited (NSE). Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai – 400051<br><br>**Symbol: EASEMYTRIP** |

**Subject: Compliance under Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")**

**Dear Sir/Madam,**

Pursuant to provisions of Regulation 47 (3) of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the newspaper clippings regarding publication of the unaudited Financial Results for the quarter and nine month ended December 31, 2025, published in Financial Express (English) and Jan Satta (Hindi) on February 15, 2026 are enclosed.

You are requested to take the aforesaid on record.

**For Easy Trip Planners Limited**

PRIYANKA TIWARI

Digitally signed by PRIYANKA TIWARI
Date: 2026.02.16 11:50:57 +05'30'

**Priyanka Tiwari**
**Group Company Secretary and Chief Compliance Officer**
**Membership No.: A50412**

Easy Trip Planners Ltd.

**Registered office :** Building No. - 223, Patparganj Industrial Area, New Delhi - 110092 (India)
Phone : +91 - 11 43030303, 43131313 | E-mail : Care@easemytrip.com | Web: www.EaseMyTrip.com | CIN No. L63090DL2008PLC179041

Incredible India
Approved by Ministry of Tourism
Government of India
IATA TAFI UFTAA JAS-ANZ

‘POTENTIAL MUST BE HARNESSED FOR AGRI, HEALTH’

# HUL chairman: AI challenges traditional notions of literacy

NARAYANAN V
Chennai, February 14

NITIN PARANJPE, CHAIRMAN, HINDUSTAN UNILEVER



For the first time, you don’t need to read and write in order to be able to ask questions or learn a skill

In the end, it’s not the AI that will threaten livelihood and jobs but the exclusion of AI that will threaten livelihood and jobs

**ARTIFICIAL INTELLIGENCE (AI)** has changed the way people participate in society and overturned century-old assumptions that literacy is the foundation for progress and opportunity, said Nitin Paranjpe, chairman of Hindustan Unilever (HUL).

He described AI as driving a “silent revolution” in which, for the first time, access to knowledge need not begin with text but can take place through voice.

“For the first time, you don’t need to read and write in order to be able to ask questions or learn a skill,” Paranjpe said while delivering the lecture on ‘Artificial Intelligence for Aam Aadmi’ at the 44th Palkhivala Memorial Lecture in Chennai on Saturday.

The Chairman of the country’s largest consumer goods maker said the convergence of conversational AI with Indian languages is beginning to redefine and challenge the very meaning of literacy.

He cited real-life examples of farmers in Maharashtra leveraging MahaVistaar, an AI-based advisory platform, to interact in regional languages for needs ranging from optimal crop practices, season for cultivation and other agricultural requirements. “It’s showing great results,” Paranjpe said, highlighting that the Union Budget 2026 has expanded this initiative across the country with the announcement of Bharat Vistaar.

AI, he observed, has sparked two sharply contrasting emotions of awe and anxiety. He said while AI systems can compose poetry, help cure rare diseases, and do large scale tasks they can simultaneously displace thousands of jobs, concentrate power and spread falsehood. “That is the AI paradox,” he said.

Paranjpe emphasised that AI’s potential must be harnessed for broader public good in areas like agriculture, healthcare, legal access and targeted wealth distribution.

Unlike many other nations, Paranjpe argued, India’s AI ambition should be firmly centred on voice-over-text, local languages over English, and large-scale skill and capability building that begins early and reaches widely.

“In the end, it’s not the AI that will threaten livelihood and jobs but the exclusion of AI that will threaten livelihood and jobs”, he said.

# Goyal: India-US interim trade pact to cover energy needs

PRESS TRUST OF INDIA
Mumbai, February 14

**UNION MINISTER PIYUSH** Goyal on Saturday said the interim trade agreement reached between the Centre and the US will include India’s energy requirements and would help it secure crude oil at more competitive prices. Speaking to reporters here, the Commerce and Industry Minister said that India and the US have agreed to work towards increasing the annual trade between the two countries to $500 billion by 2030, and the government is working to achieve this target.

He said the proposed $500 billion trade would include India's energy requirements, such as crude oil, LNG and LPG.

“India is the fastest-growing large economy in the world, and its energy demand is rising by around 7% annually. Increasing imports and having more suppliers would help India secure crude oil at more competitive prices,” Goyal said.

# FM: India climate action funding is 5.6% of GDP

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, February 14

NIRMALA SITHARAMAN, FINANCE MINISTER

Technologies will have to talk to each other. No one can say they’ve created a perfect system to counter climate concerns

■ India has achieved two-thirds of its nationally determined commitments in the renewable sector



**FINANCE MINISTER NIRMALA** Sitharaman on Saturday said India has hiked spending on climate action in the last six years to 5.6% of GDP, demonstrating the country's pursuit of meeting nationally determined goals on curbing carbon emission. Participating in a panel discussion at the Munich Security Conference, she said India has increased its commitment to climate action.

“Six years ago, we were spending approximately 3.7% of our GDP on climate action. Today, that figure is close to 5.6%. We have invested the funds. We are not waiting for financing and technology to come from elsewhere but they must come,” she said.

She further said that India will continue to invest in renewable energy, and we have been steadily building on that commitment.

Carbon capture strategies have been funded in the Union Budget 2026-27 so that they can be implemented across the country, she said, adding that they are being incentivised.

Furthermore, she said, India has achieved two-thirds of its nationally determined commitments in the renewable sector and that too four years ahead of the target date. Making a case for differentiated cost of climate action, Sitharaman said, country which are less polluting should contribute less towards climate action.

“As much attention as we give to emission control, we need to look at resilience and adaptation. Otherwise, you're going to sacrifice a lot. Technologies will have to talk to each other. No one can say they’ve created a perfect system to counter climate concerns,” she said.

And it can't be that countries which have contributed less to emissions are made to pay equally, she said, adding that bearing the cost of climate action will need differentiated treatment.

# Jio joins hands with global firms for tech alliance

PRESS TRUST OF INDIA
New Delhi, February 14

DRIVING TECH



■ Responding to tech changes, customers are seeking greater reliability across tech providers

■ 15 companies including Jio join hands at Munich

**A SET OF** like-minded global firms in the area of connectivity to cloud infrastructure to semiconductors to software and AI, that includes Jio Platforms and Anthropic, have joined hands to form a Trusted Tech Alliance (TTA), a joint statement said.

The alliance was launched at the Munich Security Conference with 15 firms from Africa, Asia, Europe, and North America coming together to work across borders, and based on a shared set of principlses for a trusted technology stack.

These principles are designed to ensure that, regardless of a supplier’s nationality, companies in this Alliance will adhere to common commitments of transparency, security and data protection which build trust and pass on the benefits of technology to people across the globe.

In response to an unprecedented pace of technological change and an increasingly complex environment, countries and customers are seeking greater reliability and resilience across tech providers and the services they deliver.

At the same time, there is continued scepticism about digital technologies and their potential negative impact on individuals and societies.

In this environment, it is critical that firms from across the tech stack come together to address these concerns, the statement said.

# Manappuram Finance gets RBI nod for Bain Capital joint control

NARAYANAN V
Chennai, February 14



In March 2025, Bain Capital had committed to invest about ₹4,385 crore to acquire an 18% stake at ₹236 per share

**MANAPPURAM FINANCE HAS** received the Reserve Bank of India’s (RBI) final approval for the proposed acquisition of joint control and 41.66% shareholding in the company’s paid-up equity capital and convertible instruments by Bain Capital.

In March 2025, Bain Capital, through its affiliates BC Asia Investments XXV and BC Asia Investments XIV, had committed to invest about ₹4,385 crore to acquire an 18% stake at ₹236 per share. The transaction also triggered a mandatory open offer to purchase an additional 26% stake from public shareholders at ₹236 per share. Bain Capital’s stake post-investment will range between 18% and 41.7% on a fully diluted basis, including shares to be issued upon exercise of warrants. The existing promoters will hold 28.9% post-investment on a fully diluted basis.

“With Bain Capital coming on board as a joint controlling shareholder, we are well-positioned to accelerate growth in our core segments, invest further in technology and risk management capabilities, and build a professionally managed, future-ready financial services company,” said VP Nandakumar, MD & CEO, Manappuram Finance, in a statement.

Bain Capital will be classified as a promoter of Manappuram Finance and will jointly control the gold loan NBFC along with the existing promoters. The board will be reconstituted to include nominee directors of Bain Capital, in line with the transaction agreements, the firm added.

IIM MUMBAI
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(Ministry of Education, Government of India)
VIKSIT BHARAT @2047

ADMISSIONS OPEN FOR 2026

MBA
Admission under International Category
(PIO/OCI/NRI/Foreign Nationals)

MBA
Admission under GMAT Category

MBA
(Media & Entertainment)
Two Year on Campus Non-Residential
(Indian & Foreign Nationals)

One-Year Post Graduate Programme in Creative Leadership for Performing Arts
(Indian & Foreign Nationals)

Ph.D. Programme & Executive Ph.D. Programme

For further details, please visit:
www.iimmumbai.ac.in/admissions-2026
Email : admissions@iimmumbai.ac.in




EaseMyTrip.com
Bharat ka Travel App

EASY TRIP PLANNERS LIMITED
Registered Office: Building No. - 223, Patparganj Industrial Area, New Delhi - 110092 (India)
Email us: Care@easemytrip.com
Call us: 011 - 43131313, 43030303

**Statement of Standalone and consolidated financial results**

for the quarter ended on 31 December 2025
[Regulation 33 read with Regulation 47(1)(b) of the SEBI(LODR)Regulations,2015]

The Board of Directors of the Company at its meeting held on February 14, 2026 inter-alia considered and approved the Unaudited Financial Results of the Company (Standalone and Consolidated) for the quarter ended December 31, 2025.
("Financial Results")

The Financial Results along with the Limited Review Report, have been disseminated on the Company’s website at
https://www.easemytrip.com/investor-pdf/2025/Q3-FY-2025-26.pdf
and can be accessed by scanning the QR Code.

Over 30 Million+
Happy Customers

By Order of the Board
For Easy Trip Planners Limited

Name: Priyanka Tiwari
Designation: Group Company Secretary and Chief Compliance Officer
Membership No.: A50412

Place : New Delhi
Date : February 14, 2026

## खबर कोना

### गाजीपुर में फुटपाथ पर चढ़ा अनियंत्रित वाहन, चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 76 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा एनएच–24 की सर्विस रोड पर पेट्रोल पंप के पास हुआ। जहां एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार एसयूवी अनियंत्रित होकर फुटपाथ पर चढ़ गई और वहां पैदल जा रहे बुजुर्ग चपेट में आ गए। पुलिस ने चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है जबकि कार में सवार अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस ने इन सभी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार सुबह करीब छह बजे पीसीआर काल के जरिए हादसे की सूचना मिली थी। शुरुआती सूचना थाना गाजीपुर को मिली थी, जिसे बाद में थाना पांडव नगर क्षेत्र में स्थानांतरिक कर दिया गया।

### चोरी के मोबाइल फोन की नेपाल में करता था आपूर्ति, गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे शख्स को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की जो छीने गए व चोरी के मोबाइल फोन की नेपाल में आपूर्ति करता था। गिरफ्तार शख्स की पहचान 36 वर्षीय जितेंद्र उर्फ झेला के रूप में की गई जो उत्तर दिल्ली के मजनू का टीला इलाके का रहने वाला है। आरोपी मोबाइल झपटमारी और चोरी में शामिल एक संगठित गिरोह का सदस्य है तथा गिरोह का मुख्य आपूर्तिकर्ता था। पुलिस ने बताया कि गिरोह के दो सदस्यों के पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जिनमें जय भगवान उर्फ काले और जितेंद्र उर्फ पहाड़ी शामिल है जिसके बाद झेला को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान जितेंद्र ने खुलासा किया कि वह चोरी के मोबाइल फोन की आपूर्ति पोखरा (नेपाल) में रहने वाले एक नेपाली नागरिक को करता था।

### शराब पीने से टोका तो युवक पर लाठी-डंडे से किया हमला

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर के कैलाश नगर इलाके में गली के अंदर खुले में शराब पी रहे लड़कों को टोकना युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि इस बात से नाराज लड़कों ने पीड़ित पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। डंडा मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित अचेत होकर सड़क पर गिर गया। शोर शराबा मचने के बाद पीड़ित के दो दोस्त व स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला दिया और मौके से फरार हो गए। यह घटना गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें हमलावर वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। उधर, गांधी नगर थाना पुलिस ने पीड़ित रोहित त्रिपाठी (35) के बयान और मेडिकल रपट के आधार पर गैर इरादतन हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिल्ली पुलिस ने किया गिरोह का भंडाफोड़, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# बिहार के गयाजी में तैयार की जा रही थी नकली दवाएं


जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की मादक पदार्थों के खिलाफ कार्य बल (एएनटीएफ) ने अंतरराज्यीय नशीले पदार्थों के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की है। बिहार के गया में चल रही दूसरी फर्जी दवा कंपनी का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में गिरोह के मुख्य समन्वयक अरुण (59) को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है और पुलिस अब तक कुल 9 आरोपियों को इस मामले में गिरफ्तार कर चुकी है। गिरोह का समन्वयक अरुण के रूप में यह नौवीं गिरफ्तारी है।

अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने शनिवार को बताया कि पिछले सप्ताह गिरफ्तार आरोपी तनिष्क से पूछताछ में पता चला था कि वह गया निवासी अरुण के साथ मिलकर नकली दवाएं और नशीली गोलियां तैयार कर रहा था। तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम बिहार के गया पहुंची और कंपनी का पता लगाया। जांच में सामने आया कि कंपनी के पास दवा बनाने का कोई वैध लाइसेंस भी नहीं था। वहां आवश्यक दवा विशेषज्ञ भी नियुक्त नहीं किए गए थे। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर नकली दवाएं तैयार की जा रही थीं। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नकली दवाएं और मशीनें बरामद कीं, जिनमें 1,19,800 जिंक की नकली गोलियां, 42,480 एजीथ्रोमाइसिन की नकली गोलियां, 27 किलो पैरासिटामोल पाउडर, 444 डिलोना एक्वा के नकली इंजेक्शन और दवा बनाने की भारी मशीनरी और पैकिंग सामग्री शामिल है।

### दस दवा कंपनियां औषधि नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं

**नई दिल्ली , 14 फरवरी (संवाददाता)।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डा पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग ने दवाओं के अनुचित व्यापार के तरीकों पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली के नांगलोई में एक विशेष जांच व धरपकड़ मुहिम चलाई। इसमें ,12 दवा विक्रेताओं की सख्ती से जांच की गई । मुहिम के दौरान दस कंपनियां औषधि नियमों का उल्लंघन करती पाई गईं। गुणवत्ता जांच के लिए 49 दवाओं के नमूने लिए गए व ड्रग्स एंड कास्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान कुछ फर्में नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए दवाओं के लिए छूट के प्रस्ताव संबंधी बोर्ड भी लगाती पाई गईं। डा पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों को नकली दवाओं से सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध है।



महोत्सव नई दिल्ली नगर परिषद द्वारा चाणक्यपुरी स्थित शांति पथ में आयोजित दिल्ली ट्यूलिप महोत्सव देखने पहुंचे लोग।

## न्यूनतम तापमान फिर बढ़ेगा, खराब श्रेणी में पहुंची वायु गुणवत्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। अधिकतम तापमान औसत से 3.6 डिग्री ज्यादा 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। 20 फरवरी तक अधिकतम तापमान 26–28 डिग्री के बीच बने रहने का अनुमान है और न्यूनतम तामपान में भी वृद्धि होने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, शनिवार को दिन के समय आसमान पूरी तरह से साफ रहा और हल्की हवाओं के चलते सूरज की तपिश का कम एहसास हुआ। न्यूनतम तापमान में गिरावट के चलते मौसम में हल्की ठंडक रही। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में सुबह 8.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई जबकि शाम साढ़े पांच बजे यह 41 फीसद रिकार्ड हुई। अगले छह दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी रिकार्ड होने का अनुमान है। 15 से 20 फरवरी तक न्यूनतम पारा 11 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है। सुबह और देर रात्रि में कुहासे की स्थिति के बने रहने का पूर्वानुमान भी जताया गया है।

उधर, राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता भी शनिवार को खराब श्रेणी में रिकार्ड की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 211 रहा, जो ‘खराब’ श्रेणी में आता है। जबकि, पिछले 24 घंटे के दौरान में शाम 4 बजे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 230 दर्ज किया गया। शुक्रवार को वायु गुणवत्ता ‘मध्यम’ श्रेणी में थी जो शनिवार को फिर से ‘खराब’ श्रेणी में पहुंच गई।

## महिला की गला घोंटकर हत्या, आरोपी पति पकड़ा गया

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाका में शनिवार को वेलेंटाइन डे के दिन एक सनकी पति ने अपनी ही पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पति ने जिस वक्त यह वारदात की उस समय दंपत्ति के 10 और 13 साल के बच्चे कमरे में मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार, अनिल और सुमन के बीच लंबे समय से अनबन चल रही थी और मामला गाजियाबाद की अदालत तक जा पहुंचा था। दोनों काफी समय तक अलग भी रहे, लेकिन कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद सुमन वापस अनिल के साथ रहने आई थी। शनिवार दोपहर जब विवाद बढ़ा, तो पंजाबी बाग में चालक के रूप में कार्यरत अनिल ने आपा खो दिया। उसने सुमन की बेरहमी से पिटाई की और फिर पास ही पड़े एक कपड़े से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। मदद के लिए बच्चों के शोर मचाने पर पड़ोसियों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला, जिसे खुलवाने के बाद अंदर का दृश्य विचलित करने वाला था।

फर्श पर सुमन अचेत अवस्था में पड़ी थी और कमरे का सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने तुरंत अनिल को हिरासत में लिया और सुमन को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी सचिन शर्मा के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटा लिए हैं और बच्चों के बयानों को आधार बनाकर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

> *आरोपी* ने जिस वक्त यह वारदात की उस समय दंपत्ति के 10 और 13 साल के बच्चे कमरे में मौजूद थे। पुलिस ने पंजाबी बाग में चालक के रूप में कार्यरत अनिल को हिरासत में लिया।

## ‘दिल्ली रहने योग्य देश का सबसे अच्छा शहर बनेगा’

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

राष्ट्रीय राजधानी के वायु प्रदूषण को कम करने और पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में दिल्ली सरकार लगातार कदम उठा रही है। इसको लेकर अल्पकालिक से लेकर दीर्घकालिक योजनाएं तैयार की गईं हैं जिस पर काम किया जा रहा है। सभी पहलों से केवल प्रदूषण में प्रभावी कमी नहीं आएगी, बल्कि दिल्ली को देश के सबसे रहने योग्य शहरों में शामिल करने का लक्ष्य भी साकार होगा। यह बातें शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में निजी क्षेत्र की कंपनी जीएमआर की ओर से स्थापित 120 पानी की फुहार प्रणाली के उद्घाटन अवसर पर कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वर्ष 2029 तक सार्वजनिक बस बेड़े को पूरी तरह विद्युत चालित करने, मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, ईवी चार्जिंग संसाधनों का विकास, शहरभर में 1,000 से अधिक पानी छिड़काव वाहन तैनात करने और निर्माण स्थलों पर कृत्रिम मेधा आधारित धूल निगरानी लागू करने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि यह पहल राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और यात्रियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पहले ही राजधानी की प्रमुख सड़कों और 143 उपरिगामी मेट्रो स्टेशनों पर यह प्रणाली स्थापित कर चुकी है। साथ ही, वास्तविक समय सीमा निगरानी तंत्र का विस्तार 46 मेट्रो स्टेशनों तक किया गया है।



### हेडगेवार अस्पताल को विस्तार देने की तैयारी, बनेगी नई मंजिल

नई दिल्ली, 14 फरवरी (संवाददाता)।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार के कडकडडूमा स्थित डा हेडगेवार आरोग्य संस्थान को बढ़ती जरूरतों के चलते विस्तार देने की घोषणा की है। अस्पताल में नई मंजिल का निर्माण किया जाएगा और आधुनिक चिकित्सा मशीनें भी लगाई जाएंगी। साथ ही संस्थान की कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस बाबत संबंधित विभागों के अधिकारियों को अस्पताल के विस्तार से जुड़ी विस्तृत रपट तैयार करने के निर्देश भी दिए। गुप्ता शनिवार को आरएसएस के पहले सरसंघचालक डा केशव बलिराम हेडगेवार की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए आरोग्य संस्थान पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि यमुना के ‘आर हो या पार’, पूरी दिल्ली का समान और संतुलित विकास सरकार का संकल्प है।

## आतिशी मामले में पंजाब सरकार और पुलिस को आखिरी मौका

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 14 फरवरी।

दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने विपक्ष की नेता आतिशी से संबंधित कथित टिप्पणियों के मामले में पंजाब सरकार व पंजाब पुलिस को लिखित जवाब देने के लिए एक और मौका दिया है। समिति ने पंजाब सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा पुलिस आयुक्त जालंधर को निर्देश दिया है कि वे आतिशी से जुड़े मामले में अपना लिखित उत्तर 20 फरवरी तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह तारीख अंतिम अवसर के रूप में मानी जाएगी और इसके बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

समिति ने अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह), पंजाब सरकार से इस प्रकरण से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मांगे हैं। इनमें शिकायत की प्रति एवं उसके संलग्नक, जिनके आधार पर एफआइआर दर्ज की गई, प्राथमिकी की प्रति, पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया विशेषज्ञ (तकनीकी प्रकोष्ठ) की रपट तथा पंजाब की फारेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की रपट शामिल हैं। समिति ने निर्देश दिया है कि सभी जवाब और दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के अनुसार उन पर विचार किया जा सके। समय पर जानकारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में इसे विशेषाधिकार हनन एवं अवमानना के रूप में देखा जा सकता है।

IIM MUMBAI
आईआईएम मुंबई
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
आज़ादी का अमृत महोत्सव
विकसित भारत @2047
2026 के लिए प्रवेश शुरू
एमबीए
अंतर्राष्ट्रीय श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश
(पीआईओ/ओसीआई/एनआरआई/विदेशी नागरिक)
एमबीए
जीमैट श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश
एमबीए
(मीडिया और मनोरंजन)
दो वर्षीय कैंपस गैर-आवासीय
(भारतीय एवं विदेशी नागरिक)
कला प्रदर्शन के लिए रचनात्मक नेतृत्व में एक वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम
(भारतीय एवं विदेशी नागरिक)
पीएच.डी. कार्यक्रम एवं कार्यपालक पीएच.डी. कार्यक्रम
अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें:
www.iimmumbai.ac.in/admissions-2026
ईमेल : admissions@iimmumbai.ac.in

EaseMyTrip.com
Bharat ka Travel App
EASY TRIP PLANNERS LIMITED
Registered Office: Building No. - 223, Patparganj Industrial Area, New Delhi - 110092 (India)
Email us: Care@easemytrip.com
Call us: 011 - 43131313, 43030303

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही अवधि के लिए स्टैंडअलोन एवं संयोजित वित्तीय परिणामों का विवरण
[विनियम 33 को नियम 47(1)(b) के साथ पढ़ा गया SEBI (LODR) विनियम, 2015 के अनुसार]

कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में, अन्य विषयों के साथ, कंपनी 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए (स्टैंडअलोन और समेकित) अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर विचार किया और उन्हें अनुमोदित किया।
("वित्तीय परिणाम)
वित्तीय परिणामों को सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट
https://www.easemytrip.com/investor-pdf/2025/Q3-FY-2025-26.pdf
पर प्रकाशित किया गया है
और इन्हें क्यूआर कोड स्कैन करके भी देखा जा सकता है

30 मिलियन से अधिक खुश ग्राहक

बोर्ड की आज्ञानुसार
ईज़ी ट्रिप प्लानर्स लिमिटेड के लिए
नाम: प्रियंका तिवारी
पद: समूह कंपनी सचिव और मुख्य अनुपालन अधिकारी
सदस्यता संख्या: A50412

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 14 फरवरी, 2026